VENUS®
Enjoy Innovations

VRL/SEC/EXCHANGE 04.11.2026

National Stock Exchange of India Ltd. 5th Floor, Exchange Plaza Bandra (E), Mumbai- 400 051 Script Code: VENUSREM	**BSE Limited** 25th Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers Dalal Street Mumbai **Script Code: 526953**

Sub.: Announcement under Regulation 30 (LODR)-Newspaper Publication

Dear Sir/ Madam,

Please find enclosed herewith newspaper publication of notice for transfer of shares pursuant to SEBI Circular SEBI/HO/MIRSD/DOS3/CIR/P/2018/139 dated 06.11.2018 , SEBI Circular SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated 2nd July, 2025 & SEBI circular HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/ I/3750/2026 dated 30.01.2026.

Kindly take it on your record.

Yours faithfully,
for VENUS REMEDIES LIMITED


Neha
Digitally signed by Neha
Date: 2026.11.04 17:26:48 +05'30'

Neha
(Company Secretary)

खबरों में रहे स्टॉक




गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स



वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 44 फीसदी वृद्धि के साथ 243 करोड़ रुपये हुआ

₹ 4,322.4 पिछला बंद भाव
₹ 4,450.4 आज का बंद भाव
3.0 % ▲


सोम डिस्टलरीज ऐंड ब्रेवरीज



कंपनी ने अपने भोपाल संयंत्र में सफलतापूर्वक विनिर्माण संचालन शुरू किया

₹ 72.1 पिछला बंद भाव
₹ 72.8 आज का बंद भाव
0.9 % ▲

सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया



वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 78 फीसदी बढ़कर 617 करोड़ रुपये दर्ज किया गया

₹ 19,408.7 पिछला बंद भाव
₹ 19,620.1 आज का बंद भाव
1.1 % ▲

ग्लैंड फार्मा



मिथाइलप्रेडनिसोलोन एसीटेट इंजेक्टेबल सस्पेंशन यूएसपी के लिए यूएसएफडीए की मंजूरी मिली

₹ 3,066.4 पिछला बंद भाव
₹ 3,160.3 आज का बंद भाव
3.1 % ▲

यथार्थ हॉस्पिटल ऐंड ट्रॉमा केयर



वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 23 फीसदी वृद्धि के साथ 51 करोड़ रुपये रहा

₹ 938.9 पिछला बंद भाव
₹ 983.2 आज का बंद भाव
4.7 % ▲

इवेको की गाड़ियां असेंबल करेगी टाटा मोटर्स

शुरुआत में यूरोपीय वाणिज्यिक वाहन निर्माता की चुनिंदा गाड़ियों के पुर्जे लाकर भारत में ही असेंबली की संभावना तलाश रही कंपनी

सोहिनी दास
मुंबई, 3 नवंबर

टाटा मोटर्स इवेको ग्रुप की चुनिंदा गाड़ियां भारत में ही असेंबल करने की संभावना तलाश रही है। कंपनी ने हाल में इवेको ग्रुप की89.42 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 3.4 अरब यूरो में खरीदी है। दोनों कंपनियों ने एक-दूसरे के बाजारों में अपने मॉडल पेश करने के अवसर तलाशने शुरू कर दिए हैं। शुरुआत में भारतीय कंपनी यूरोपीय वाणिज्यिक वाहन निर्माता की चुनिंदा गाड़ियों के पुर्जे लाकर यानी सेमी नॉकडाउन माध्यम से स्थानीय स्तर पर असेंबल करने की संभावना खंगाल रही है।

इटली के तूरीन में मंगलवार को एक वैश्विक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि कंपनियों के पास एक दूसरे की पूरक गाड़ियों का पूरा पोर्टफोलियो है, जिससे भारत और विदेशी बाजारों में वृद्धि के अवसर पैदा हो रहे हैं। क्या भारत इवेको के वैश्विक व्यवसाय के लिए विनिर्माण या कंपोनेंट सोर्सिंग हब के रूप में उभर सकता है, बिज़नेस स्टैंडर्ड के इस प्रश्न के जवाब में चंद्रशेखरन ने कहा, 'इवेको समूह के कई खास मॉडल ऐसे हैं जो भारत में बहुत कारगर होंगे। हम उनकी पहचान कर रहे हैं। इन गाड़ियों को स्थानीय जरूरतों के हिसाब से ढालना होगा। कम से कम शुरुआत में हमें सेमी नॉकडाउन विनिर्माण रणनीति अपनानी होगी।' उन्होंने यह भी कहा कि टाटा मोटर्स के वाहनों और प्लेटफार्मों को उन बाजारों में भी पेश किया जा सकता है, जहां इवेको की मजबूत उपस्थिति है। उन्होंने कहा, 'उपकरणों सहित बैटरी और कई अन्य क्षेत्रों में तमाम अवसर हैं। इन पर काम किया जाएगा।'

यह प्रेस कॉन्फ्रेंस टाटा मोटर्स द्वारा 30 अक्टूबर को इवेको में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करने के कुछ दिन बाद हुई है, जिसमें व्यक्तिगत रूप से और लाइव स्ट्रीम के जरिये कई देशों के पत्रकारों ने हिस्सा लिया।



(बाएं से) टाटा मोटर्स के सीईओ गिरीश वाघ, टाटा संस और टाटा मोटर्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन तथा इवेको समूह के सीईओ ओलोफ पेर्सन

पांच वर्षों में विस्तार लक्ष्य

इस अधिग्रहण के बाद 6 टन से ऊपर की श्रेणी में ट्रक बिक्री की मात्रा के हिसाब से यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी बन गई है, जिसका वार्षिक राजस्व लगभग 21 अरब यूरो और संयुक्त बिक्री संख्या लगभग 5,90,000 वाहन है। यह समूह 130 से अधिक देशों में कारोबार कर रहा है। दुनिया भर में इसके 27 विनिर्माण संयंत्र और 25 अनुसंधान एवं विकास केंद्र हैं, जिनमें 73,000 से अधिक कर्मचारी हैं। चंद्रशेखरन ने कहा कि संयुक्त कंपनी को अगले पांच वर्षों में सबसे अधिक वाहन बनाने के साथ-साथ राजस्व और लाभप्रदता में शीर्ष पर आने की उम्मीद है। हालांकि उन्होंने संख्या के हिसाब से लक्ष्य बताने से परहेज किया।

एफपीटी इंजन, विदेशी बाजार

सहयोग का एक प्रमुख क्षेत्र पावरट्रेन होगा, जहां इवेको का एफपीटी इंडस्ट्रियल बिजनेस टाटा मोटर्स के लिए नए अवसर पैदा कर सकता है। एफपीटी वाणिज्यिक वाहनों (ट्रक और बस), कृषि मशीनरी, निर्माण उपकरणों और समुद्री जहाजों में इस्तेमाल होने वाले इंजन एवं पावरट्रेन सिस्टम का निर्माण करती है।

इस सहयोग से टाटा मोटर्स को एफपीटी की इंजन निर्माण तकनीक और विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा, जिससे वह अपने वाहनों की तकनीक को और बेहतर बना सकती है। प्रौद्योगिकी क्षमताओं, उत्पाद पोर्टफोलियो और मजबूत ग्राहक संबंधों की ओर इशारा करते हुए टाटा मोटर्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ गिरीश वाघ ने कहा, 'हम वास्तव में मानते हैं कि एफपीटी पूरे इवेको समूह की जान है।'

उन्होंने बताया कि कंपनी के लिए वाहनों से अलग भी तमाम अवसर भारत, अफ्रीका और आसियान बाजारों में औद्योगिक क्षेत्रों तक फैले हैं, जहां टाटा मोटर्स की पहले से ही उपस्थिति और वितरण नेटवर्क है। इवेको की मजबूत उपस्थिति वाले लैटिन अमेरिका को इसका बड़ा लाभ मिल सकता है। वाघ ने कहा कि टाटा मोटर्स इस क्षेत्र में इवेको के डीलरों और रिटेल फाइनेंसिंग नेटवर्क का लाभ उठाकर नए वाहन पेश कर सकती है। संयुक्त कंपनी के पास विश्व स्तर पर लगभग 9,300 बिक्री और सेवा आउटलेट हैं।

इतालवी कारखाने और निवेश

दोनों कंपनियां जब नए बाजारों में विस्तार की संभावनाएं तलाश रही हैं, प्रबंधन यूरोप में इवेको के मौजूदा विनिर्माण व्यवसाय को मजबूत करने के बारे में रणनीति पर काम कर रहा है। इवेको ग्रुप के सीईओ ओलोफ पेर्सन ने कहा कि इटली में फोगिया, ब्रेसिया और तूरीन में परियोजनाओं सहित विनिर्माण सुविधाओं में पहले से घोषित निवेश सही दिशा में है। उन्होंने कहा कि इवेको का मुख्यालय तूरीन में बना रहेगा और यह विनिर्माण, इंजीनियरिंग, सॉफ्टवेयर विकास और डी-कार्बोनाइजेशन जैसी प्रौद्योगिकियों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

इतालवी शहर का टाटा मोटर्स से भी एक लंबा संबंध है। वाघ ने कहा, 'जब हमारे पूर्व अध्यक्ष रतन टाटा ने फैसला किया कि टाटा मोटर्स अपनी स्वदेशी कार, यात्री कार बनाएगी, तो उन्होंने वास्तव में तूरीन की ओर रुख किया।' टाटा इंडिका ने 1990 के दशक में तूरीन-स्थित डिजाइन हाउस में ही आकार लिया था।

अल्पांश शेयरधारकों से खरीदारी जारी

यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब टाटा मोटर्स इवेको के शेष शेयरों को हासिल करने और कंपनी को डीलिस्ट कराने की प्रक्रिया से गुजर रही है। इस लेनदेन के मूल्यांकन को लेकर कुछ अल्पांश शेयरधारकोंने विरोध किया था। टाटा मोटर्स ने बाद में अपनी पेशकश कीमत €14.10 से बढ़ाकर€14.40 प्रति शेयर कर दी थी।

संक्षेप में

अंतरराष्ट्रीय कारोबार बढ़ाएगी टीवीएस मोटर

दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने मंगलवार को मिलान में आयोजित ईआईसीएमए 2026 में चार ऐसे मॉडल पेश किए जो उत्पादन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इनके जरिये कंपनी ने यूरोप के महत्त्वपूर्ण बाजार होने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। यह कंपनी की उस रणनीति का हिस्सा है, जिसका मकसद कुल राजस्व में अंतरराष्ट्रीय कारोबार के योगदान को बढ़ाना है। यह योगदान 2030 तक 30 प्रतिशत या उससे अधिक करने की संभावना है। *बीएस*

'कंपनियों को एआई एजेंटों की समझ जरूरी'

अमेरिका आधारित सिस्टम सॉफ्टवेयर कंपनी डब्ल्यूएसओ2 के सीईओ हैरी ऑल्ट ने कहा है कि उद्यमों को एआई संचालित एजेंटों के व्यवहार और सभी प्रणालियों के साथ उनके इंटरैक्शन की बेहतर समझ विकसित करनी होगी। ऑल्ट ने कहा कि हालांकि एआई संचालित एजेंटों का उपयोग काफी समय से किया जा रहा है, लेकिन ज्यादातर का उपयोग नियतात्मक प्रणालियों में किया जाता था, जहां सुरक्षा और शासन नेटवर्कों में ही बनाए जाते हैं, जिससे एजेंटों के लिए उनके जनादेश के बाहर कार्य करने की बहुत कम गुंजाइश रह जाती है। *बीएस*

बामर लॉरी के लाभ में 40 फीसदी की बढ़ोतरी

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बामर लॉरी ऐंड कंपनी लिमिटेड का एकल आधार पर शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 39.56 प्रतिशत बढ़कर 67.66 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 48.48 करोड़ रुपये रहा था। मिनीरत्न कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि उसकी कुल आय जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही में 26.34 प्रतिशत बढ़कर 818.04 करोड़ रुपये हो गई। भाषा

डेटा सेंटर उद्योग में चार साल में आएगा 3 लाख करोड़ रु. निवेश

सुधीर पाल सिंह
नई दिल्ली, 3 नवंबर

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि भारत का डेटा सेंटर उद्योग निवेश के बड़े दौर में प्रवेश कर रहा है। इसके तहत, मार्च 2030 तक के चार वित्त वर्षों में इसकी स्थापित क्षमता पांच गुना बढ़कर 7.5 गीगावॉट होने की उम्मीद है। इससे 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित होगा।

क्रिसिल ने कहा, 'यह तेजी जेनरेटिव आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (जेनएआई) से जुड़ी कंप्यूटिंग की मांग, उद्यमों के डिजिटलीकरण और डेटा की बढ़ती खपत के कारण आ रही है। इस विस्तार की गति और डेटा सेंटर डेवलपरों की क्रेडिट गुणवत्ता, समय पर बिजली कनेक्शन मिलने, नियामकीय मंजूरियों और परियोजना के अनुशासित क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी।'

इसमें कहा गया है कि भारी पूंजी निवेश के जरिए विस्तार कर रहे इस उद्योग के लिए मांग काफी मजबूत दिखता है।

'एयर इंडिया को बड़े विमानों की जरूरत, पर पैसा बड़ी चिंता'

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 3 नवंबर

एयर इंडिया ग्रुप अपने अंतरराष्ट्रीय परिचालन का विस्तार करने के लिए वाइड-बॉडी यानी बड़े आकार के विमानों के और ऑर्डर देना चाहता है। एयरलाइन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक टेवोल्डे गेब्रेमरियम ने मंगलवार को कहा कि हालांकि ऊंची लागत एयरलाइन के लिए 'बड़ी चिंता' बनी हुई है और वे इसे कम करने की दिशा में काम कर रहे हैं।



टेवोल्डे गेब्रेमरियम, सीईओ एवं एमडी, एयर इंडिया

'एविएशन इंडिया ऐंड साउथ एशिया समिट' में बोलते हुए गेब्रेमरियम ने कहा कि एयरलाइन को हुए वित्तीय नुकसान के बावजूद वह 'बहुत जल्द' फिर से मुनाफे में आ जाएगी। एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस को वित्त वर्ष 2026 में कुल 22,238 करोड़ रुपये का शुद्ध नुकसान हुआ, जो वित्त वर्ष 2025 में हुए 10,859 करोड़ रुपये के नुकसान से दोगुना से भी अधिक है।

उन्होंने कहा कि भले ही एयर इंडिया ग्रुप के शेयरधारकों - टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस ने उन्हें पूरा समर्थन दिया है और उनका नजरिया दीर्घावधि है, लेकिन वे खुद शेयरधारकों की तुलना में मुनाफे को लेकर कहीं अधिक उत्सुक हैं और एयर इंडिया को फिर से बड़ा बनाना चाहते हैं।

जनवरी 2022 में निजीकरण के बाद से एयर इंडिया ग्रुप ने एयरबस और बोइंग को 600 विमानों के ऑर्डर दिए हैं। इनमें 80 वाइड-बॉडी विमान शामिल हैं, जिनमें 50 एयरबस ए350, 20 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर और 10 बोइंग 777एक्स विमान हैं।

विदेशी नहीं, पहले भारतीय एयरलाइंस की रक्षा जरूरी

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 3 नवंबर

अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स (एएएचएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण बंसल ने मंगलवार को कहा कि भारत को द्विपक्षीय हवाई-सेवा समझौतों के तहत प्रतिबंधों में ढील देकर विदेशी एयरलाइनों को देश के विमानन बाजार में अधिक पहुंच देने के बजाय घरेलू विमानन कंपनियों के हितों की सुरक्षा पहले करनी चाहिए।

उन्होंने नई दिल्ली में एविएशन इंडिया ऐंड साउथ एशिया समिट में कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में उतारने से पहले भारतीय एयरलाइनों को पहले वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं और सेवा मानकों के अनुरूप तैयार किया जाना चाहिए।

बंसल की टिप्पणियां इस साल जनवरी में उनके उस बयान से अलग हैं, जब उन्होंने विदेशी एयरलाइनों के भारत में विस्तार पर प्रतिबंधों को कम करने की वकालत की थी। उस समय उन्होंने कहा था कि द्विपक्षीय हवाई-सेवा समझौते देश के विमानन क्षेत्र के विकास में बाधा डाल रहे हैं और भारतीय हवाई अड्डों को अंतरराष्ट्रीय हब बनने से रोक रहे हैं।

मुंबई में हवाई अड्डा शुल्क कम करने की मांग कर रही इंडिगो

इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विली वाल्श ने मंगलवार को कहा कि मुंबई हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 के नवीनीकरण के बाद वहां पर प्रति-यात्री हवाई शुल्क कम होना चाहिए, क्योंकि इस परियोजना से हवाई अड्डे की क्षमता बढ़ेगी। मुंबई और नवी मुंबई दोनों हवाई अड्डों का संचालन अदाणी समूह की कंपनियां करती हैं। हवाई शुल्क विमान उतरने और वहां खड़ा करने के लिए एयरलाइनों से लिए जाते हैं और एयरलाइंस इस लागत को टिकट की कीमतों में शामिल करती हैं।


वाल्श ने कहा, 'नवी मुंबई रणनीतिक रूप से हमारे लिए महत्त्वपूर्ण है।' *बीएस*

नालको का रिकॉर्ड प्रदर्शन

हेमंत कुमार राउत
भुवनेश्वर, 3 नवंबर

सार्वजनिक क्षेत्र की एल्युमीनियम उत्पादक नैशनल एल्युमीनियम कंपनी (नालको) ने अपनी स्थापना के बाद से अब तक का सबसे मजबूत अर्ध-वार्षिक वित्तीय प्रदर्शन किया है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहले छह महीनों में रिकॉर्ड उत्पादन और बिक्री, अनुकूल बाजार परिस्थितियों और रणनीतिक मार्केटिंग पहल के दम पर शुद्ध लाभ 54 फीसदी की बढ़त के साथ 3,837 करोड़ रुपये दर्ज किया गया।

यही नहीं, सार्वजनिक क्षेत्र की इस



बृजेंद्र प्रताप सिंह, चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, नालको

नवरत्न कंपनी की अप्रैल से सितंबर के दौरान कुल आय, ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन (एबिटा) से पहले की कमाई, कर-पूर्व लाभ और कर-पश्चात लाभ भी अब तक का सबसे अधिक रहा है। कंपनी ने एल्युमीनियम कास्ट मेटल के उत्पादन में भी अब तक का सर्वाधिक अर्ध-वार्षिक आंकड़ा और एल्यूमिना और एल्युमीनियम की रिकॉर्ड घरेलू बिक्री हासिल की, जिसने इसके वित्तीय विकास को मजबूत आधार दिया।

वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में नालको की कुल आय पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 33 फीसदी वृद्धि के साथ 8,374 करोड़ रुपये से बढ़कर 11,143 करोड़ रुपये हो गई। एबिटा भी 50 फीसदी की वृद्धि के साथ 5,539 करोड़ रुपये हो गया।

शिवालिक स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 501, सालकॉन ऑरम, जसोला डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नई दिल्ली – 110025, सीआईएनः यू65900डीएल2020पीएलसी366027

वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कर्जदार/सह–कर्जदारगण, जिनके द्वारा शिवालिक स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड मुख्यालय तृतीय तल, एडीडी इंडिया टावर, सेक्टर–125, नोएडा–201303 से ऋण सुविधाएं प्राप्त की गई थीं, अपनी क्रेडिट सुविधाओं का ब्याज शिवालिक स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड को चुकाने में असफल रहे हैं और उनके खाते भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए की श्रेणी में सूचीबद्ध किए जा चुके हैं। कर्जदारों ने शिवालिक स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड को अचल सम्पत्तियों की प्रतिभूति उपलब्ध कराई है, जिनका विवरण यहां नीचे दिया गया है। कर्जदारों द्वारा शिवालिक स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड को आज तक देय और बकाया राशियों का विस्तृत विवरण यहां नीचे दिया गया है।
कर्जदार/कर्जदारों तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूत लेनदार शिवालिक स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में निम्नलिखित कर्जदार/कर्जदारों के विरूद्ध वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफासी ऐक्ट) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही आरंभ कर दी है। यदि निम्नलिखित कर्जदार उनके नाम के सामने वर्णित बकाया राशि इस सूचना के 60 (साठ) दिन के भीतर चुकाने में असफल रहते हैं तो अधोहस्ताक्षरी सरफासी ऐक्ट की धारा 13 की उप–धारा (2) के तहत उसको प्रदत्त किसी एक या अधिक शक्तियों का प्रयोग करेगा, जिनमें सम्पत्तियों का कब्जा लेना और उनको बेचना शामिल है। सर्वसाधारण को नीचे वर्णित सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने की सलाह दी जाती है।

कर्जदार/गारंटर एवं बंधकदाता का नाम	प्रतिभूत आस्ति/सम्पत्ति का विवरण
1. श्रीमती जसप्रीत कौर पत्नी श्री जसबीर सिंह (कर्जदार) निवासी 310, दुनिया माजरा, झांसा, कुरुक्षेत्र, गुगा मंडी के पास, कैथल, हरियाणा, 136130, 2. श्री जसबीर सिंह गिल पुत्र श्री करनैल सिंह (सह–कर्जदार/ बंधकदाता) निवासी 310, दुनिया माजरा, झांसा, कुरुक्षेत्र, गुगा मंडी के पास, कैथल, हरियाणा, 136130, 3. श्री करनैल सिंह पुत्र श्री संपूर्ण सिंह (सह–कर्जदार) निवासी 310, दुनिया माजरा, झांसा, कुरुक्षेत्र, गुगा मंडी के पास, कैथल, हरियाणा, 136130	संपत्ति पर न्यायिक बंधक : संपत्ति के सभी अंश एवं खंड : आवासीय संपत्ति, कुल क्षेत्रफल परिमाप 484.663 वर्ग मीटर, प्लॉट/मकान यूआईडी नंबर WOOM1500RR157। पर, जो गाँव दुनिया माजरा, तहसील पेहोवा, जिला कुरुक्षेत्र, कैथल, हरियाणा, 136128 के लाल डोरा में स्थित है। श्री जसबीर सिंह गिल पुत्र श्री करनैल सिंह के नाम पर, इसकी सीमाएं : पूर्वः संपत्ति संख्या 156, पश्चिमः संपत्ति संख्या 159, उत्तरः संपत्ति संख्या 159, दक्षिणः लाल दारा चंद
ऋण खाता सं. , मांग सूचना तिथि और राशि — ऋण खाता संख्या 104541510638; मांग सूचना तिथि : 03–11–2026 बकाया राशि : रु. 10,70,000/– (रुपये दस लाख सत्तर हजार मात्र) 02–11–2026 तक	
एनपीए तिथि : 04–07–2026	

दिनांक : 03–11–2026 स्थान : नोएडा
प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड

यूको बैंक UCO BANK
(भारत सरकार का उपक्रम)
प्रधान कार्यालय – II, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
3 और 4, डीडी ब्लॉक, सेक्टर –1, साल्ट लेक, कोलकाता – 700064

निविदा की सूचना

यूको बैंक IBM MQ एडवांस्ड PVU आधारित लाइसेंसों का नवीनीकरण और ऑन–कॉल ऑनसाइट ATS सपोर्ट के लिए निविदा आमंत्रित करता है। विवरण के लिए कृपया **https://www.uco.bank.in** और **https://gem.gov.in** वेबसाइट पर देखें।
दिनांकः 04.11.2026
(उप–महाप्रबंधक)
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग – खरीद एवं अवसंरचना

सम्मान आपके विश्वास का | Honours Your Trust

SBI
सूचना सुरक्षा विभाग, भारतीय स्टेट बैंक, ग्लोबल आईटी–सेन्टर, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई – 400614

शुद्धिपत्र

संदर्भः SBI/GITC/Cyber Security Centre of excellence (CSCoE)/2026/2027/1500
दिनांकितः 07.10.2026
आरएफपी का शुद्धिपत्र ई–टेंडर पोर्टल (**https://etender.sbi/SBI**) से डाउनलोड किया जा सकता है.
बोलियां जमा कराने की अंतिम तिथि व समय : 13.11.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक
स्थान: नवी मुंबई
दिनांक: 04.11.2026
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
सीएससीओई, सूचना सुरक्षा विभाग

जेएचएस स्वेन्डगार्ड लेबोरेटरीज लिमिटेड
रेडग कार्यालयः त्रिलोकपुर रोड, खेरी (काला–अंब), तहसील–नाहन, जिला सिरमोर, हिमाचल प्रदेश – 173030, भारत सीआईएन L74110HP2004PLC027558

30 सितम्बर, 2026 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारंश

(रु. लाख में)

विवरण	30.09.2026 को तिमाही समाप्ति	30.06.2026 को तिमाही समाप्ति	30.09.2025 को तिमाही समाप्ति	30.09.2026 को छिमाही समाप्ति	30.09.2025 को छिमाही समाप्ति	31.03.2026 को वर्ष समाप्ति
	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित
संचालनों से कुल आय	2,182.89	3,038.05	2,227.71	5,220.94	4,573.12	10,169.47
अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, आपवादिक और/या असाधारण मदे)	(40.03)	6.18	(1.59)	(33.85)	61.19	(229.05)
अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, आपवादिक और/या असाधारण मदे)	(40.03)	6.18	(1.59)	(33.85)	61.19	(229.05)
कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या असाधारण मद पश्चात्)	50.62	109.04	(19.77)	159.67	85.75	(192.24)
अवधि हेतु कुल व्यापक आय	53.43	111.85	(18.99)	165.28	88.71	(181.01)
प्रति शेयर पूंजी (अंकित मूल्य का प्रत्येक रु. 10)	8,740.58	8,740.58	8,560.40	8,740.58	8,560.40	8,740.58
प्रति इक्विटी शेयर आय (प्रत्येक रु. 10/-) क. मूलभूत (रु.)	0.06	0.12	(0.02)	0.19	0.10	(0.22)
ख. तलरीकृत (रु.)	0.06	0.12	(0.02)	0.19	0.10	(0.22)

स्टैण्डअलोन वित्तीय परिणामों का सारंश

विवरण	30.09.2026 को तिमाही समाप्ति	30.06.2026 को तिमाही समाप्ति	30.09.2025 को तिमाही समाप्ति	30.09.2026 को छिमाही समाप्ति	30.09.2025 को छिमाही समाप्ति	31.03.2026 को वर्ष समाप्ति
	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित
परिचालन से कुल आय	2,182.89	3,038.05	2,227.71	5,220.94	4,573.12	10,169.47
अवधि के लिए लाभ/(हानि) (असाधारण गतिविधियों के बाद लेकिन कर से पहले)	(39.88)	6.29	(1.49)	(33.70)	61.35	(228.54)
अवधि के लिए लाभ/(हानि) (असाधारण गतिविधियों और कर के बाद)	50.77	109.15	(19.68)	159.82	85.90	(191.73)
अवधि के लिए कुल व्यापक आय	53.58	111.96	(18.91)	165.43	88.87	(180.50)

टिप्पणियाँ:
1. उपरोक्त 30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के विस्तृत वित्तीय परिणामों के प्रारूप का अंश है, जिसकी लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई तथा दिनांक 02 नवंबर, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया तथा इसे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल किया गया है। 30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई की वेबसाइट (www.bseindia.com) एवं एनएसई की वेबसाइट (www.nseindia.com) तथा कंपनी की वेबसाइट (www.svendgaard.com) पर भी उपलब्ध है। सेबी परिपत्र संख्या SEBI/HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026 के अनुसार, हस्तांतरण विलेखों को पुनः प्रस्तुत करने हेतु विशेष अवधि 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक एक वर्ष की अवधि के लिए खुली रहेगी। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे ऐसे मामलों को 04 फरवरी, 2027 तक शेयर अंतरण अभिकर्ता (आरटीए) के पास पुनः दाखिल करें।

दिनांकः 02.11.2026
स्थानः नई दिल्ली

कृते और उसकी की ओर से
जेएचएस स्वेनगार्ड लेबोरेटरीज लिमिटेड
हस्ताक्षरित/–
निखिल नंदा
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00051501

सुप्रीम फिनकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः दूसरी मंज़िल, हर्षा भवन, 13/29, ई–ब्लॉक, मिडिल सर्कल, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली 110001; CIN: U67190DL2013PTC262044; टेलीफोन नंबर: +9111-41323147
ईमेल: customercare@supremefincorp.com वेबसाइट: www.supremefincorp.com

सूचना

भारतीय रिज़र्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां - शाखा प्राधिकरण) निर्देश, 2025 जो 28 नवंबर, 2025 को जारी किए गए थे के तहत यह सूचना दी जाती है कि **कुरुक्षेत्र, हरियाणा (136118) के अर्बन एस्टेट, सेक्टर 17, प्लॉट नंबर 12 पर स्थित** कंपनी की शाखा को पास की एक दूसरी शाखा में स्थानांतरित किया जा रहा है। यह नई शाखा **SCO नंबर 18, दूसरी मंजिल, 300 वर्ग फुट वेस्ट साइड, सेक्टर 17, अर्बन एस्टेट, कुरुक्षेत्र, हरियाणा – 136118** पर स्थित है। यह बदलाव **05 फरवरी, 2027** को कामकाज के घंटे समाप्त होने के बाद से प्रभावी होगा। यदि आपको किसी सहायता की आवश्यकता हो, तो आप customercare@supremefincorp.com पर ईमेल कर सकते हैं।
इस सूचना को कंपनी की वेबसाइट (www.supremefincorp.com) पर भी देखा जा सकता है।

फॉर एंड ओन बेहल्फ ऑफ – सुप्रीम फिनकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड
हस्ताक्षर/– तरु जैन, कंपनी सचिव
तारीख: 04.11.2026

वीनस रेमेडीज लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय :एससीओ 857, कैबिन सं. 10, दुसरा तल, एमएसी मनीमाजरा, चंडीगढ़– 161001, भारत
CIN: L21002CH1989LC009705 कॉर्पोरेट कार्यालय : 51–52, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–1, पंचकुला, हरियाणा– 134113, भारत
ई–मेल : complianceofficer@venusremedies.com, फोन : 0172–2933090, वेबसाइट : www.venusremedies.com

सूचना

एत्तद द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी परिपत्र SEBI/HO/MIRSD/DOS3/CIR/P/2018 दिनांक 06.11.2018, सेबी परिपत्र SEBI/HO/MIRSD-POD/CIR/P/2025/97 दिनांक 02 जुलाई, 2025 और सेबी परिपत्र HO/38/131/11 (2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30.01.2026 के अनुसार, कंपनी को यह अनुरोध प्राप्त हुआ है कि प्रतिभूति धार के नाम पर दर्ज प्रतिभूतियों को प्रस्तावित हस्तांतरणकर्ता के नाम पर स्थानांतरित किया जाए। इन प्रतिभूतियों को उसके द्वारा खरीदे जाने का दावा किया गया था, लेकिन उन्हें उसके पक्ष में स्थानानतरित नहीं किया जा सका।

फोलियो संख्या	प्रतिभूति विवरण	धारक नाम और पता	विशिष्ठ संख्या	प्रस्तावित हस्तांतरिती नाम और पता
0000666	रू 10 प्रत्येक के 500 इक्विटी शेयर	हरिनारायण माथुर पी ओ बॉक्स 11070 दुबई यू.ए.ई. 0 0	3072001 से 3072500	गजराबैन प्रवीनसिंह डोडिया 1476–1 सेक्टर 3 सी, गांधीनगर, गुजरात 382006

जो भी व्यक्ति उ परोक्त प्रतिभूतियों के संबंध में दावा करता है, उसे ऐसे दावे के समर्थन में उपयुक्त दस्तावेजों के साथ इस सूचना की दिनांस से 30 दिनों ते भीतर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में यह दावा दर्ज कराना चाहिए, अन्यथा कंपनी बिना किसी और सूचना के प्रतिभूतियों को हस्तांतरी के पक्ष में हस्तांतरण को स्खानांतरित कर देगी।

प्रति वीनस रेमेडीज लिमिटेड
हस्ता./–
कंपनी सचिव
स्थान : चंडीगढ़
दिनांक : 03.11.2026

चंडीगढ़ संस्करण : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा सी/ओ आइडिया को वर्किंग, तृतीय तल, एस.सी.ओ 32, 33, 34 सेक्टर-17-सी, चंडीगढ़-160017 से प्रकाशित एवं तन्मय महेश्वरी, इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं.-22, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, पंचकूला-134115, हरियाणा से मुद्रित
संपादक : कैलाश नौटियाल, पीआरजीआई रजिस्ट्रेशन नं. CHAHIN/2008/24509 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
स्वामित्व : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, नेहरु हाउस, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें - सुश्री मानसी सिंह, हेड-कस्टमर रिलेशन्स। बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल : subs_bs@bsmail.in या 57575 पर REACHBS एसएमएस करें। कोई हवाई अधिभार नहीं

BMW VENTURES LIMITED

CIN: L25111BR1994PLC006131

Registered Office: 1st Floor, Mona Cinema Complex East Gandhi Maidan, Patna, Bihar, India, 800004
Ph.: +0612-2675506, **Website:** www.bmwventures.com , **Email:** cs@bmwventures.com

UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2026

(Rupees in Lakhs, except for EPS)

Sr. No.	Particulars	Quarter Ended			Half Year Ended		Year Ended
		30.09.2026	30.06.2026	30.09.2025	30.09.2026	30.09.2025	31.03.2026
		(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Audited)
1.	Total Income	73,169.23	60,962.37	50,301.14	1,34,131.60	98,821.45	2,28,243.14
2.	Net Profit for the period (before tax and exceptional items)	1,496.00	1,414.91	996.35	2,910.91	2,049.81	4,991.85
3.	Net Profit for the period before tax (after exceptional items)	1,496.00	1,414.91	996.35	2,910.91	2,049.81	4,991.85
4.	Net Profit for the period after tax (after exceptional items)	1,053.68	1,057.69	711.39	2,111.37	1,513.96	3,748.31
5.	Total Comprehensive Income for the period [comprising Profit after tax and Other Comprehensive Income (after tax)]	1,081.81	1,026.97	757.10	2,108.78	1,551.32	3,806.89
6.	Paid-up equity share capital (Face value of ₹10/- each)	8,671.50	8,671.50	8,671.50	8,671.50	8,671.50	8,671.50
7.	Other Equity (in Lakhs)						35,513.15
8.	Earnings Per Share (In ₹) (not annualised for quarters and half years)	1.22	1.22	0.82	2.43	1.75	4.99

Notes:

1. The above is an extract of the detailed format of the quarterly and half-yearly Unaudited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full results are available on the websites of the Stock Exchanges (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website (www.bmwventures.com). They can also be accessed by scanning the QR code below.
2. The above results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meetings held on November 03, 2026. The Statutory Auditors have carried out a limited review and issued an unmodified conclusion.
3. The Board of Directors, at its meeting held on November 03, 2026, has declared an interim dividend of ₹1.50 per equity share of face value ₹10 each (i.e. 15%) for the financial year 2026-27. The Record Date for determining the shareholders entitled to the interim dividend is Friday, November 13, 2026.
3. The Company had no exceptional or extraordinary items during the periods presented.

Place: Patna
Date: November 03, 2026

For and on behalf of the Board of Directors of
BMW VENTURES LIMITED
Sd/-
Bijay Kumar Kishorepuria
Chairman & Executive Director
DIN:-00626283

ATMASTCO LTD.

engineering with excellence

CIN: L29222CT1994PLC008234, **Mob:** +91 9039036408
Regd. Address: 157-158, Light Industrial Area, Nandini Road
Opp. Karuna Hospital, Bhilai, Chhattisgarh-490026
Website: www.atmastco.com **Email:** atmpl@atmastco.com

NOTICE OF 32ND ANNUAL GENERAL MEETING AND E-VOTING INFORMATION

Notice is hereby given that;

1. The 32nd Annual General Meeting (AGM) of the company will be held on Wednesday 25th November 2026 at 12:30 P.M (IST) at Registered office of the company at 157-158, Light Industrial Area, Nandini Road, Bhilai Chhattisgarh 490026, to transact the Ordinary and Special Business(es) as set out in notice of AGM dated 02.11.2026.
2. The Notice of AGM and Annual Report – FY 2025-2026 is available on the Company website at www.atmastco.com website of the stock exchange National Stock Exchange of India (www.nseindia.com) and National Securities Depositories ltd (www.evoting.nsdl.com).
3. Members holding shares either in physical form or dematerialized form as on cut-of date of 18.11.2026 are entitled to caste there vote electronically on the ordinary and special business as set out in notice of AGM dated 2nd November 2026 through remote e-voting facility provided by NDSL. The Members are informed that (A) the Annual Report and Notice of AGM has circulated through E-Mail on Tuesday 3rd November 2026;(B) remote e voting shall commence on Sunday 22nd November at 9.00 AM (IST) and shall end Tuesday 24th November 2026 at 5.00 PM (IST) and therefore remote e-voting facility shall be disabled by NDSL.
4. Any person who acquire shares of the company after dispatch of notice (cut off date for dispatch 3rd November 2026) and holding shares as on the cut off date (i.e 18th November), may obtain the Login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in or investor@cameoindia.com or cs@atmastco.com with DP ID & client ID or folio no.
5. A Person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owner maintained by the depositories s on the cut off dates, only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well voting in the general meeting.
6. The members who cast their vote by remote e-voting may attend the meeting but shall not be entitled to caste their vote at the AGM.
7. Members may refer to the AGM Notice dated 2nd November, 2026 & "Frequently Asked questions (FAQ)" available in the e-voting website of NSDL i.e www.evoting.nsdl.com for detailed instruction on remote e-voting.
8. Shareholders holding securities in Demat mode for any technical issue related to login etc through depositories (A) Members having demat account with NSDL can contact NSDL helpdesk by sending request at www.evoting.nsdl.com or call at toll free no. 022-48867000, 1800-1020-990 and 1800-22-4430 (B) Members having demat account with CDSL can contact CDSL helpdesk by sending request at helpdesk.evoting@cdslindia.com or contact at 022-23058738, 022-23058542-43 and toll free no. 1800-21-09911.

For, **Atmastco Limited**
Sd/-
Ankit Mishra
Company Secretary & Compliance Officer
Membership No. A56147

Place: Bhilai
Date: 03.11.2026

care HEALTH® INSURANCE

take care

Care Health Insurance Limited
Unaudited Financial Results for the Quarter and Year to Date Ended Sep 30th , 2026

IRDAI Registration Number - 148 | Date of Registration with IRDAI 26th April, 2012

(Amount in Rs. Lakhs)

Particulars	Three months ended		Half year ended		Year ended
	30th Sep, 2026	30th Sep, 2025	30th Sep, 2026	30th Sep, 2025	31st Mar, 2026
	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Audited)
Total Income from Operations (Note 3)	3,37,206	2,41,431	6,40,023	4,55,074	10,41,645
Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items)	(12,436)	4,208	(25,548)	2,313	1,781
Net Profit/ (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items)	(12,436)	4,208	(25,548)	2,313	1,781
Net Profit/ (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items)	(9,333)	3,210	(19,172)	1,752	1,216
Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after Tax) and other Comperhensive Income (after Tax)] (Note 4)	NA	NA	NA	NA	NA
Paid up Equity Share Capital	1,00,559	99,583	1,00,559	99,583	99,587
Reserves (excluding Revaluation Reserve)	44,462	64,170	44,462	64,170	63,634
Securities Premium Account	1,17,525	1,03,383	1,17,525	1,03,383	1,03,388
Net Worth	2,62,546	2,67,136	2,62,546	2,67,136	2,66,609
Paid up Debt Capital/ Outstanding Debt	40,000	-	40,000	-	10,000
Outstanding Redeemable Preference Shares	NA	NA	NA	NA	NA
Debt Equity Ratio (Note 5)	0.15	-	0.15	-	0.04
Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for Continuing and Discontinued Operations)					
(a) Basic	(0.93)	0.33	(1.92)	0.18	0.12
(b) Diluted	(0.93)	0.33	(1.92)	0.18	0.12
Capital Redemption Reserve	-	-	-	-	-
Debenture Redemption Reserve (Note 6)	-	-	-	-	-
Debt Service Coverage Ratio (Note 7)	(19.76)	-	(29.09)	-	594.67
Interest Service Coverage Ratio (Note 8)	(19.76)	-	(29.09)	-	594.67

Note:

1. The above is an extract of the format of Quarterly/ Year to Date/ Annual Financial Result filed with Stock Exchange under Regulation 52(8) read with Regulation 52(4) of the SEBI (Listing and Other Disclosers Requirements) Regulations 2015. The full format of the Quarterly/ Year to Date/ Annual Financial Results are available on the website of the Stock Exchange and Company's website https://www.careinsurance.com.
2. For the other line items referred in regulation 52(4) of the Listing Regulations, pertinent disclosures have been made to the National Stock Exchange (NSE) and can be accessed on the URL (https://www.nseindia.com/get-quote/bonds/1050CHI36/Care-Health-Insurance-Limited).
3. Total Income from Operations- represent Gross Written Premium (GWP) net of GST.
4. IRDAI has notified Ind AS as the applicable financial reporting framework for insurers, effective 1st April, 2026. Pursuant to the Company's application as permitted under the IRDAI (Actuarial, Finance and Investment Functions of Insurers) (Amendment) Regulations, 2026, the Authority vide letter dated 17th June, 2026, granted the Company a one-year forbearance (i.e., for FY 2026-27) for preparing Ind AS financial statements. Accordingly, the Company will continue to prepare its financial statements under the existing applicable accounting framework from FY 2026- 27.
5. Debt Equity Ratio is calculated as total borrowings divided by net worth.
6. No DRR has been created as on the reporting date. DRR Shall be created in future year(s) in accordance with the Rule 18, for Sub-rule (7) of Companies (Share Capital and Debentures) Rules, 2014.
7. Debt Service Coverage Ratio is calculated as Profit Before Interest and Tax divided by Interest Expense and principal payment of Debt during the period.
8. Interest Service Coverage Ratio is calculated as Profit Before Interest and Tax divided by Interest Expense during the period.
9. The figures of previous period have been regrouped and reclassified, wherever considered necessary, to confirm to current period's figures.

For and on behalf of the Board of Directors
Sd/-
Ajay Kumar Shah
Managing Director & CEO
DIN: 11418087

Place: Gurugram
Date: November 2nd, 2026

Care Health Insurance Limited
Registered Office: 5th Floor, 19 Chawla House, Nehru Place, New Delhi-110019
Correspondence Office: Vipul Tech Square, Tower C, 3rd Floor, Golf Course Road, Sector-43, Gurugram-122009 (Haryana)
Website: www.careinsurance.com
Insurance is the subject matter of solicitation.
CIN: U66000DL2007PLC161503 IRDAI Registration Number - 148

VENUS REMEDIES LIMITED

Regd. Off.: SCO 857, Cabin No. 10, 2nd Floor, NAC Manimajra, Chandigarh-160101, India
CIN: L21002CH1989PLC009705, Corporate Off.: 51-52, Industrial Area, Phase-1, Panchkula, Haryana-134113, India
Email ID: complianceofficer@venusremedies.com, Phone: 0172-2933090, Website: www.venusremedies.com

NOTICE

Notice is hereby given that pursuant to SEBI Circular SEBI/ HO/ MIRSD/ DOS3/ CIR/P/ 2018/139 dated 06.11.2018, SEBI Circular SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/ CIR/2025/97 dated 2nd July, 2025 & SEBI circular HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/ I/ 3750/2026 dated 30.01.2026, the following request has been received by the Company to transfer the securities held in the name of the security holder to the name of the proposed transferee. These securities were claimed to have been purchased by her & could not be transferred in her favour.

Folio no	Security details	Holder name & Address	Distinctive nos	Proposed Transferee name & Address
0000666	500 Equity Shares of Rs.10 each.	Harinarain Mathur PO BOX 11070 Dubai U.A.E 0 0	3072001 to 3072500	Gajraben Pravinsinh Dodiya 1476-1 Sector 3 C, Gandhinagar, Gujarat 382006

Any person who has a claim in respect of the above securities, should lodge such claim with the Company at its Registered Office within 30 days from the date of this notice along with appropriate documentary evidence thereof in support of such claim, else the Company will proceed to transfer the securities in favour of the transferee, without any further intimation.

For Venus Remedies Limited
Sd/-
Company Secretary

Place: Chandigarh
Date: 03.11.2026

Signpost India Limited

CIN: L74110MH2008PLC179120
Corporate Office:- 202, Signpost House, 70A, Nehru Road, Near Santacruz Airport Terminal, Vile Parle (E), Mumbai- 400099
Registered Office:- 126, Jolly Maker Chambers II, Nariman Point, Mumbai - 400021 | **Website:** www.signpostindia.com
Email: cs@signpostindia.com | **Tel No:** (022) 61992400

Notice to Shareholders -
Special window for Transfer & dematerialisation of physical securities

In terms of SEBI Circular No. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 dated January 30, 2026 ('SEBI Circular'), has opened special window for a period of one year, from February 05, 2026 to February 04, 2027, for transfer and dematerialisation of physical securities which were sold or purchased prior to April 01, 2019 including cases where transfer requests were earlier rejected, returned, or not attended due to deficiencies. Accordingly, in compliance to the said SEBI Circular, Notice is hereby given to the eligible shareholders of Signpost India Limited to lodge / re-lodge share transfer deeds for transfer of shares and request for dematerialisation of shares between aforementioned special window period of one year. It is further informed that the shares lodged / re-lodged for transfer shall be processed only in dematerialized form and shall be subject to a lock in period of one year from the date of dematerialisation, after following the due process as prescribed by SEBI.

Eligible shareholders may submit their transfer & demat requests along with the requisite documents to the Company's Registrar and Share Transfer agent (RTA) at KFIN Technologies Limited, Unit - Signpost India Limited, Selenium Tower B, Plot Nos. 31 & 32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally Mandal, Hyderabad - 500 032 or E-mail at einward.ris@kfintech.com.

We encourage all shareholders to act promptly within the campaign period to safeguard their entitlement.

For **Signpost India Limited**

Sd/-
Kinjal Mistry
Company Secretary & Nodal Officer

Place : Mumbai
Date : November 3, 2026

KISAN MOULDINGS LIMITED

CIN NO. L17120MH1989PLC054305

Regd. Off: 'TEX CENTRE', 'K' Wing, 3rd Floor, 26 'A', Chandivali Road, Near HDFC Bank, Off. Saki - Vihar Road, Andheri (East), Mumbai - 400 072.Website :- www.kisangroup.com , Mail id :- cs.kisan@kisangroup.com ,Telephone No. 022-42009100/9200

Extract of statement of Unaudited Consolidated Financial Results for the quarter and Half year ended September 30, 2026

(Figure Rs. in Lakhs except EPS)

S No.	Particulars	Quarter ended	Half year ended	Quarter ended
		30.09.2026 (Unaudited)	30.09.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)
1	Total Income	6484.60	13009.45	5045.51
2	EBITDA	-179.19	-656.10	167.21
3	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	-374.80	-1043.74	-56.57
4	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	-374.80	-1043.74	-56.57
5	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	-371.19	-1040.13	-56.57
6	Total Comprehensive Income for the period	-385.53	-1054.47	-56.57
7	Equity Share Capital	11946.31	11946.31	11946.31
8	Other Equity (Reserves)	-		
9	Earning Per Share (face value of Rs. 10/- , each not annualised for quarterly figures)			
	Basic:	(0.31)	-0.87	-0.05
	Diluted:	(0.31)	-0.87	-0.05

Notes:

1. Brief of Unaudited Standalone financial results for the quarter and Half year ended September 30, 2026

(Figure Rs. in Lakhs)

Particulars	Quarter ended	Half year ended	Quarter ended
	30.09.2026 (Unaudited)	30.09.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)
Total Income	6,484.60	13,009.45	5,045.81
Profit Before Tax	(374.66)	(1,043.45)	(56.14)
Profit after Tax	(371.05)	(1,039.84)	(56.14)

2 The above is an extract of the detailed format of Unaudited standalone and Consolidated Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the website of the Stock Exchange (www.bseindia.com) and Company's website (www.kisangroup.com). The same can be accessed by scanning the QR code provided below:

For Kisan Mouldings Limited
Sd/-
Arun Agarwal
Managing Director

Place: : Noida
Dated: November 03, 2026